prof R.S. Bosrey
23/06/26

Office of the Dean, Students' Welfare

BINOD BIHARI MAHTO KOYALANCHAL UNIVERSITY

Dhanbad- 826004

E-mail:- dsw.bbmku@gmail.com

पत्रांक: BBMKU/ DSW- 117/ 74 /2026, धनबाद, दिनांक: 23.06.2026

प्रेषक:

संकायाध्यक्ष, छात्र-कल्याण
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद ।

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या,
   सभी महाविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद अंतर्गत ।
2. सभी विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग ।

विषय : प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी (PM-Vidyalaxmi) **योजना के संबंध में छात्र-छात्राओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने के संबंध में।**

प्रसंग: उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार का पत्रांक – RUSA/Misc-5/2022/HTESD-293, रांची, दिनांक – 18.06.2026 ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय और प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी (PM-Vidyalaxmi) योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत मेधावी विद्यार्थियों को सरल, पारदर्शी एवं डिजिटल माध्यम से बिना संपार्श्विक (Collateral-free) एवं बिना गारंटर (Guarantor-free) शिक्षा ऋण उपलब्ध कराना है।

महाविद्यालय / विभागों में इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु निम्नलिखित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना है ।

1. प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना से संबंधित सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट, महाविद्यालय / विभाग का सूचना पट्ट)Notice Board) एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रमुखता से प्रदर्शित करें।
2. योजना की मार्गदर्शिका (Guidelines), ब्रोशर एवं अन्य सूचना सामग्री का महाविद्यालय / विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच व्यापक प्रसार करें।
3. शिक्षकगण योजना से संबंधित ब्रोशर एवं जानकारी विद्यार्थियों तक व्हाट्सएप समूह अथवा अन्य उपयुक्त डिजिटल माध्यमों से उपलब्ध कराएं।
4. महाविद्यालय / विभाग स्तर पर ओरिएंटेशन/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को योजना की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराएं।
5. आवश्यकतानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) से समन्वय स्थापित कर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के बीच भी योजना का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।
6. सामुदायिक सहभागिता (Community Engagement) कार्यक्रमों के माध्यम से भी योजना के संबंध में जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपने महाविद्यालय / विभागों में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिकाधिक पात्र एवं मेधावी विद्यार्थी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

विश्वासभाजन

23/06/2026

संकायाध्यक्ष, छात्र-कल्याण
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद ।

Forward
23/06/2026